# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, गुरुवार 01 मई 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## झगरा गेहूं खरीदी केंद्र में खुलेआम किसानों का किया जा रहा है शोषण, प्रशासन से कार्यवाही की मांग

**भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी**




केवलारी - मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र की सरकार जहां खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए एवं किसानों की आय को दुगनी करने के लिए निरंतर प्रयासरत है किसानों के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजना चल रही है वही धरातलीय स्तर पर गेहूं खरीदी केंद्र प्रभारी किसानों से मापदंड के विपरीत गेहूं खरीद रहे हैं आप सभी को ज्ञात है कि इस वर्ष गेहूं की फसल के बुवाई के पूर्व ही नहर के तीन बार फूटने से किसने की बोनी लेट हुई साथ ही समय-समय पर पर्याप्त पानी न मिलने के कारण किसानों की फसल का उत्पादन बहुत कम हुआ है आप सभी जानते हैं कि किसान कितनी मुसीबत से ,कितनी कठिनाइयों से खेती का कार्य कर रहा है उनका अपने परिवार के पालन पोषण हेतु उनकी मात्र एक जीविका का साधन खेती है किसान द्वारा उत्पादित की गई गेहूं को बेचने के लिए केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले कोम शांति वेयर हाउस झगरा सिवनी गेहूं खरीद केंद्र में लाया जा रहा है जहां किसानों से शासन के मापदंड के विपरीत गेहूं खरीदा जा रहा है किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं को सुतली की कट्टी में तोली जा रही है जहां शासन के नियम अनुसार गेहूं को सुतली कट्टी में 50 किलो 800/900 ग्राम लेना चाहिए वहां गेहूं खरीदी केंद्र प्रभारी द्वारा 51 /200 लिया जा रहा है जिसमें किसानों से 700 से 800 ग्राम प्रति क्विंटल गेहूं ज्यादा खरीदा जा रहा है जिससे किसान सरेआम लूट रहा है गेहूं खरीदी केंद्र में किसानों के लिए ना तो पर्याप्त पानी की व्यवस्था है और ना ही बैठने के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था है क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासन के नियम अनुसार मापदंड पर गेहूं खरीदी की जाए साथ ही पीने के लिए पर्याप्त पानी एवं बैठने के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था की जाए।

## गायत्री शक्तिपीठ भोपाल पर शांतिकुंज हरिद्वार की प्रतिनिधि शैफाली पंड्या जी का आगमन

गायत्री परिवार भोपाल के परिजनों से उन्होंने आत्मीय भेंट कर उनके पारिवारिक हाल-चाल जाने सभी को शांतिकुंज हरिद्वार का आशीर्वाद दिया। शक्तिपीठ पर मां गायत्री दर्शन सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा को प्रणाम करते हुए शक्तिपीठ में श्री राम भवन निर्माण कार्य गौशाला,रसहर केंद्र, भारतीय संस्कृति,प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश जोनल, विद्यालय कार्यालय, विस्तार पटल , साधना कक्ष का अवलोकन कर। अंत में शक्तिपीठ पर आज अक्षय तृतीया के अवसर पर 24 जोड़ों के आदर्श विवाह में मां गायत्री के आशीर्वाद के रूप सभी कन्याओं को साड़ी श्री फल दीदी ने प्रदान किए। इसी क्रम में अस्वस्थ चल रहे परिजन श्री महेश विजयवर्गीय के कोलार निवास पहुंचकर उनका स्वास्थ के वारे मे जाना शीघ्र स्वास्थ्य के लिए गुरुसत्ता मां गायत्री का आशीर्वाद प्रदान किया साथ में कोलार गायत्री चेतना केंद्र का भ्रमण करते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा पहुंची। मध्य प्रदेश एवं भोपाल में चल

### आज गायत्री शक्तिपीठ भोपाल पर आदरणीया शैफाली पंड्या दीदी आगमन हुआ



रहे मातृशक्ति श्रद्धांजलि शताब्दी वर्ष 2026 कार्यक्रमों एवं अभियानों की तैयारी कार्यक्रमों को गति देने हेतु चल रहे अभियानों की जानकारी साथ में 14 से 16 नवंबर 2025 भोपाल में होने वाले प्रांतीय युवा सम्मेलन की प्रदेश स्तरीय तैयारी की जानकारी से भी अवगत हुई एवं शांति कुंज हरिद्वार का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के मध्य प्रदेश जोनल समन्वय आदरणीय जगदीश कुलमी जी मध्य प्रदेश जोनल समन्वय राजेश पटेल जी मध्य प्रदेश के प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजक विवेक चौधरी,महेश चौधरी, आरके गुप्ता,अमर धाकड़, सूरज परमार ,के एल पटेल, डॉ दयानंद समेले, हरिशंकर राय, महिला मंडल की सदस्य एवं रमेश नागर उपस्थित रहे।

## संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल (सेज) यूनिवर्सिटी, कटारा हिल्स, भोपाल में जूनियर रिसर्च फेलोशिप हेतु वॉक-इन इंटरव्यू 1 मई को

भोपाल हेडलाइन संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल (सेज) यूनिवर्सिटी, कटारा हिल्स, भोपाल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्यप्रदेश (एमपीसीएसटी) द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत जूनियर रिसर्च फेलोशिप (छ्ञ्रस्न) के लिए वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन दिनांक 1 मई 2025 को किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्र में सतत कृषि को बढ़ावा देना है। इसके तहत एक स्वदेशी एवं नवीन पौध वृद्धि संवर्धन प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें एंडोफाइटिक बैक्टीरियल इनोकुलेंट्स का उपयोग कर फसल उत्पादन में वृद्धि की जाएगी।

### परियोजना शीर्षक-

स्वदेशी और नवीन पौध वृद्धि संवर्धक एंडोफाइटिक बैक्टीरियल इनोकुलेंट्स का विकास

प्रमुख अन्वेषक (क्क्)-

डॉ. गोविंद गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल नोट- यह नियुक्ति अस्थायी आधार पर अधिकतम दो वर्षों के लिए की जाएगी, जो चयनित उम्मीदवार के कार्य प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। इंटरव्यू स्थल- एडमिन ब्लॉक, संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत रंधन खेड़ी में किया जा रहा है तालाब गहरीकरण



**संवाददाता राहुल झांजा**

भोपाल हैडलाइंस देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत राजेश सोनी के मार्गदर्शन में जिले में श् जल गंगा संवर्धन ष् अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत रंधन खेड़ी में तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। सरपंच विद्या राजा भानेज हमारी ग्राम पंचायत रंधन खेड़ी में जनसहयोग से तालाब का गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया है।

## ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं श्रीमद्भगवत देवी महापुराण कथा का आयोजन

**भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी**






केवलारी - ग्राम पांजरा मे सार्वजनिक श्री देवी भागवत महापुराण कथा एवं ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्य कथा आचार्य पंडित हितेंद्र पाण्डेय शास्त्री जी के मुखारविंद से दिनांक 27 अप्रैल से चल रही है।कथा के चोथे दिवस अक्षय तिथी के मंगल दिवस पर आचार्य श्री ने आज बताया कि श्री पराम्बा भुवनेश्वरी के अलावा इस संसार मे कोई भी सर्वशक्तिमान नहीं है, सर्वशाक्ति मयी की व्याख्या करते हुए बताते हैं कि संसार मे लाचार, बीमार ,असहायों को कोई भी बिष्णुहीन, ब्रह्महीन, शंकरहीन कोई नही कहता सभी एक ही बात कहते है ÷शक्तिहीन हो गया है÷ शक्ति का रुप पराम्बा है। ऐसी सर्वशक्तिशाली भुवनेश्वरी को भगवान श्री विष्णु, श्री ब्रम्हा ,श्री शंकर जी भी भुवनेश्वरी की शरण मे नित्य आराधना करते है नित चरणों के दर्शन करते है।संसार मे अत्याचार अनाचार ओर पाप का प्रभाव जब युग युग मे बढ़ेगा तब देवी की इच्छा से ही श्री बिष्णु विभिन्न रूपो मे अवतरित होकर धर्म की स्थापना करेंगे।देवी की इच्छा से ही त्रिदेव संसार का सृजन क्षरण ओर पालन करते है । ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम देवी की 3 दिवासीय प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन दिनांक 1 मई से 3 मई तक खेरापति मंदिर मे प्रसिद्ध कथा कार श्री हितेंद्र पाण्डेय जी के सानिध्य मे रखी गयी? हे एवं दिनांक 27 अप्रैल से 5 मई तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन दोपहर 3 वजे से शाम 6 वजे तक चल रही है।कथा के चोथे दिवस केवलारी- से रमाशंकर महोबिया पत्रकार, गुरुप्रसाद तिवारी रिटायर्ड एस आई, डा स्वरूप चंद्र बघेल ने कथा श्रवण कर महाराज श्री का आर्शीवाद प्राप्त किया।

## यूसीमास स्टेट लेवल कॉम्पिटीशन में कृष्णा, विवान और, याशिका खापरे विजेता

### भोपाल के विजयी विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**भोपाल हेडलाइन**

भोपाल, 30 अप्रैल। यूसीमास की 20वीं राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अर्थमेटिक प्रतियोगिता 2025 में विजयी हुए भोपाल के विद्यार्थियों – कृष्णा गुप्ता, विवान गुप्ता और याशिका खापरे – का विराट पुरस्कार वितरण समारोह आज राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), श्यामला हिल्स, भोपाल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के लिए बच्चों और उनके पालक सुबह 11 बजे से ही संस्थान में एकत्र होना शुरू हो गए थे। दोपहर 12 बजे जैसे ही पुरस्कार वितरण शुरू हुआ, तालियों की गूंज से पूरा सभागार गूंज उठा।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को उम्र के आधार पर तीन समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह में 'मॉड्यूल चैंपियन', 'चैंपियन', 'फर्स्ट रनरअप', 'सेकंड रनरअप', 'थर्ड रनरअप', 'फोर्थ रनरअप', 'फिफ्थ रनरअप', 'मेरिट' और 'कोनसोलेशन' श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में कुल 3 चैंपियन, 8 फर्स्ट रनरअप, 6 सेकंड रनर अप, 7 थर्ड रनर अप, 8 फोर्थ रनर अप, 12 फिफ्थ रनर अप घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त 150 विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार और 385 विद्यार्थियों को कॉन्सोलेशन पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुल 44 विद्यार्थियों को उनके ग्रुप और वर्ग के आधार पर 'विनर्स' घोषित किया गया, उन्हें ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र भेंट किए गए। इस भव्य आयोजन में यूसीमास मध्यप्रदेश के डायरेक्टर श्री नीरज गोयल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। भोपाल के सभी यूसीमास सेंटर्स के फ्रेंचाइज़ी संचालक भी इस अवसर पर शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन यूसीमास मध्यप्रदेश की स्टेट मॉडरेटर श्रीमती अमृता गोयल ने किया।







अतिथियों का स्वागत म.प्र. मास्टर फ्रेंचाइज़ी श्री नीरज गोयल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन फ्रेंचाइज़ी मैनेजर श्रीमती रूफिया पाठक एवं मॉडरेटर श्रीमती लीना सचदेव ने किया।

### मुख्य मंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन हुआ सम्पन्न

## जनपद पंचायत खिरकिया के ग्राम मकड़ाई में हुआ सफल सम्मेलन का आयोजन

**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**

### सम्मेलन में 307 वर - वधू ने थामा एक दूजे का हाथ



मकड़ाई/ मध्य प्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मकड़ाई मे जनपद पंचायत खिरकिया द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन में 307 जोड़े विवाह बंधन में हिंदू रीति रिवाज से फेरे लेकर एक दूजे के हाथ थामे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि टिमरनी विधायक अभिजीत शाह थे। विशिष्ट अतिथि हरदा विधायक डॉ.आर के दोगने थे । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रानू दशरथ पटेल द्वारा की गई । इस दौरान , पूर्व विधायक संजय शाह , जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह , जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, जिला पंचायत सदस्य तारा सत्यनारायण सुचार, सोमलाल धुर्वे , सिराली नगर परिषद अध्यक्ष पति कैलाश चंद्र अग्रवाल, अनु विभागीय अधिकारी राजस्व अशोक कुमार डहेरिया, जनपद पंचायत खिरकिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपायुक्त विकास प्रवीण इवने,थाना प्रभारी सिराली संदीप यादव, जनपद खिरकिया कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे ।

## परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया व श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया



दतिया -परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया और श्री बालाजी सेवा समिति दतिया द्वारा राष्ट्रीय पंछी संरक्षण अभियान के तहत संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया दतिया नगर क्षेत्र में देव स्थानों, व बगीचों और अन्य सर्वजनिक स्थानों पर पंछियों के लिए दाना पानी सहित सकोरे लगाए गए इस अवसर पर परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया राष्ट्रीय पंक्षी संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी सुधीर सिंह, श्री बालाजी सेवा समिति के महंत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज झा, मीडिया प्रभारी कमल किशोर वर्मा , प्रदेश सह सचिव दीपक कुमार, जिला सहसचिव रोहित कुमार, जिला सहसचिव कुलदीप साहू एवं शुभकामनाएं अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में जहाँ लोग अपने निजी सुखों और दिखावे में व्यस्त हैं, वहीं बुंदेलखंड की धरती से एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जो न सिर्फ समाज को सोचने पर मजबूर करती है बल्कि इंसानियत और सेवा भाव का एक सजीव उदाहरण पेश करती है। हम बात कर रहे हैं लोक निर्माण विभाग के रिटायर्ड अधिकारी अमल राज जैन जी की। उन्होंने अपने पुत्र अंकित जैन की शादी को सिर्फ एक पारिवारिक उत्सव न मानकर, समाज सेवा का माध्यम बना दिया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने ऐसा कार्य किया, जो आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। अमल राज जैन जी ने बेटे की शादी के उपलक्ष्य में 11 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद का संकल्प लिया। इस संकल्प को सिर्फ शब्दों में ही नहीं, बल्कि अपने कर्मों से निभाया। अब तक 7 बेटियों का चयन किया जा चुका है, जिनमें से 4 को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा चुकी है, और शेष कार्य प्रगति पर है।



यह कोई साधारण कार्य नहीं है। यह एक सोच है, एक संस्कार है और सबसे बढ़कर, एक समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध है। अमल राज जी ने यह भी सुनिश्चित किया कि उनके बेटे की शादी में बुंदेलखंड की पारंपरिक विरासत और खानपान को महत्व मिले, जिससे हमारी सांस्कृतिक पहचान भी कायम रहे। आज जब शादी-विवाह फिजूलखर्ची और दिखावे की दौड़ बन चुकी है, ऐसे समय में अमल राज जैन जी जैसे लोग हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा सुख और वास्तविक सम्मान दूसरों की मदद करने में है। उनकी इस पहल से हमें यह सीखने को मिलता है कि एक अच्छे पिता के साथ-साथ, वे एक जिम्मेदार नागरिक और समाजसेवी भी हैं। हम सबको चाहिए कि इस प्रेरणा से हम भी आगे आएं। अपने जीवन के शुभ अवसरों को केवल खुद तक सीमित न रखें, बल्कि उनका उपयोग समाज के लिए कुछ अच्छा करने में करें।

# मजदूर दिवस पर ऐबू कार्यालय पर होगा एक शाम भेल श्रमिकों के नाम कार्यक्रम

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन राष्ट्र निर्माण मे स्वयं को समर्पित कर देने वाले बीएचईएल के मेहनतकश मजदूरों के लिए बी एच ई एल की मान्यता प्राप्त यूनियन ऑल इंडिया बीएचईएल एम्पलाइज यूनियन संबद्ध निफ्टू के द्वारा यूनियन कार्यालय पर 1 मई मजदूर दिवस पर एक शाम भेल श्रमिकों के नाम का आयोजन किया जा रहा है विदित हो की 2016 से लगातार हर वर्ष बीएचईएल की एकमात्र यूनियन ऐबू संबद्ध निफ्टू द्वारा कर्मचारियों के सम्मान में 1 मई को अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ÷एक शाम भेल श्रमिकों के नाम÷ कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इसमें बीएचईएल के उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। इसी के साथ-साथ बीएचईएल कर्मचारियों के पुत्र एवं पुत्रियों को भी सम्मानित किया जाएगा जिनके द्वारा राष्ट्रीय स्तर अथवा राज्य स्तर की श्रेणी में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया गया होगा

# जातिगत जनगणना कराने का केंद्र सरकार का निर्णय ऐतिहासिक कदमः कुशवाहा

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल ,अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राम विश्वास कुशवाहा ने भारत सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराई जाने के केंद्रीय मंत्री परिषद के फैसले को ऐतिहासिक कदम बताते हुए ओजस्वी प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि जातिगत जनगणना से समाज में सामाजिक समानता स्थापित होगी, जो ÷ सबका साथ- सबका विकास÷ को चरितार्थ करेगी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सभी जातियों को जनसंख्या के अनुपात में सभी क्षेत्रों में बराबर की भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। श्री कुशवाहा ने आशा व्यक्त की है कि जातिगत जनगणना कराने की ओबीसी सामाजिक संगठनों के बहुत पुरानी लंबित मांग का पटाक्षेप होगा।

# किरार परिणय सेतु स्मारिका का विमोचन शिवराज सिंह चौहान ने किया




**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन किरार समाचार द्य किरार परिणय सेतु स्मारिका 2025 का विमोचन केंद्रीय कृषि मंत्री किरार समाज के कुल गौरव माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं स्मारिका के प्रकाशक प्रदीप चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम धाकड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश चौहान, भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर, नवयुवक मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री तुलसीराम पटेल, जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित थे

# विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर में कोलार क्षेत्र के 300 से अधिक मरीजों ने भाग लिया

**संतोष योगी की खबर 9993268143**







(भोपाल) सेंट्रल ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स का कोलार के बंजारी क्षेत्र में 29 अप्रैल, मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सेंट्रल ग्रुप, इंडिया के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नितिन वर्मा ने बताया कि शिविर में कोलार क्षेत्र की जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मल्टीस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ दवाइयां, हार्ट की जांच जैसे ईसीजी, खून की जांचे एवं शिविर में उपलब्ध अन्य निःशुल्क सुविधाओं का लाभ लिया। अधिक जानकारी देते हुए डॉ. नितिन वर्मा ने यह भी बताया कि भीषण गर्मी होने पर भी शिविर में 300 से अधिक मरीजों ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। सेंट्रल ग्रुप की सीएसआर एक्टिविटीज में उनकी टीम द्वारा स्वल्पाहार के साथ साथ जूस का वितरण भी मरीजों को शिविर में किया गया।

# विषय-अमरनाथ यात्रा के पहले जत्थे के रेलवे रिजर्वेशन कल प्रारंभ होंगे-रिंकू भटेजा



भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी जो 38 दिनों की रहेगी मंडल का पहला जत्था 30 जून को मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा जो 3 जुलाई प्रथम दिन बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगा उसके रेलवे रिजर्वेशन कल प्रारंभ हो जाएंगे। रेलवे के अनुसार 60 दिन पहले रिजर्वेशन प्रारंभ हो जाते हैं।

# 'भोपाल आबकारी विभाग की अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही'



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन आबकारी विभाग के ठेके 01 अप्रैल 2025 से भोपाल एवं भोपाल के आसपास के सभी जिलों के ठेकों में परिवर्तन होने से वर्ष 2024-25 के लाइसेंसियो के द्वारा मदिरा दुकानों में संग्रहित मदिरा स्टॉक को सस्ती दरों में बेचे जाने से सुरेश पाटिल नाम का अवैध शराब विक्रेता ग्राहकों की डिमांड के आधार पर विदेशी मदिरा के अलग-अलग ब्रांड की बोतलों को इकट्ठा कर होम डिलीवरी कर रहा है। जिसकी सूचना कई दिनों से मिल रही थी। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी टीम भोपाल के द्वारा दिनांक 28.04.2025 को खजूरीकलां, पिपलानी क्षेत्र में सुरेश पाटिल आत्मज श्री सज्जन पाटिल, उम्र 45 वर्ष, निवासी-गोपाल नगर, खजूरीकलां, पिपलानी भोपाल के रिहायशी मकान की समक्ष गवाहन विधिवत तलाशी लेने पर उसके अधिपत्य से 118.5 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामद कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं धारा 34 (2) का प्रकरण संबंधित वृत प्रभारी अधिकारी श्रीमती सीमा कशीसिया के द्वारा दर्ज किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी कई अपराध पंजीबद्ध है। सहायक आबकारी आयुक्त, श्री वीरेन्द्र सिंह धाकड़ के द्वारा बताया गया कि आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# समाजसेवी कैलाश चंद्र फूलेरिया श्री गंगानगर में हुआ सम्मान



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन केंद्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय मंत्री कैलाश चंद्र फुलेरिया रक्तदान महादान मित्र मंडल मोहन सिंह सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र फुलेरिया कर रहे मानव सेवा श्री गंगानगर की संस्था हेल्प इंडिया फाउंडेशन राजस्थान के द्वारा संस्थापक विनोद जी राजपूत पूर्व विधायक महोदय और अन् अतिथि महोदय के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया कैलाशचंद फुलेरिया लगातार समाज सेवा करते आ रहे हैं उन्हें कई जगह से सम्मान पत्र मेडल देकर सम्मानित किया गया धन्यवाद देते हैं ऐसे दिव्यांग कैलाश चंद्र को जो की एक दिव्यांग होकर समाज सेवा या मानव सेवा करते आ रहे हैं वह खुद अपने निजी पैसों से मानव सेवा करते हैं ना किसी से चंदा ना किसी से फंड नहीं लेते हैं वह खुद एक बूट पालिश करके पैसा इकट्ठा करके मानव सेवा में लगाते हैं धन्यवाद देते हैं ऐसे वीर्य दिव्यांग कैलाश चंद्र को ताकि उन्होंने अपना जीवन मानव सेवा में लगा रखा है उन्होंने कई कार्य किया है जिसके गिनती करना कोई निश्चित नहीं है उनका कहना है कि मानव सेवा ही एक नारायण सेवा मानी जाती है कौन किस रूप में मिल जाए कोई भरोसा नहीं इसलिए हर व्यक्ति को मानव सेवा करना चाहिए

# मलेशिया से लौटे खिलाड़ियों का करोंद में किया गया जोरदार स्वागत



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल। तिनका सामाजिक संस्था से जुड़े मना मंडेलकर और लोकेश प्रधान ने मलेशिया में आयोजित 14 वीं साइलेंट नाइट इंटरनेशनल कराटे कप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। मना मंडेलकर ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली एक होनहार कराटे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 45 से 50 कि.ग्रा. वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया उनका साहस और संघर्ष प्रेरणादायक है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों में भी बेटियां अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकती है। लोकेश प्रधान जो कि आदिवासी समुदाय से आते हैं उन्होंने सीनियर कुमिते (50-55 कि.ग्रा.वर्ग) में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। जब यह खिलाड़ी भारत लौटे तो उनका करोंद में फूल माला, मिठाई , ढोल और पठाखों से जोरदार स्वागत किया गया इसी दौरान लोगों ने उनकी प्रतिभा और संघर्ष की प्रशंसा की और उन्हें ढेर सारी बधाइयां दी।

# हाउसिंग बोर्ड के सार्वजनिक मैदान पर शासकीय विभागों का कब्जा,हाईकोर्ट ने यथास्थिति के निर्देश के साथ दिया नोटिस

भोपाल। शहर के वार्ड 39 स्थित राज्य हाउसिंग बोर्ड की रहवासी कालोनी के सार्वजनिक मैदान में शासकीय विभागों द्वारा अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। मैदान के भवन में आंगनवाड़ी भवन संचालित हो रहा है। इसको लेकर रहवासी कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर अपना विरोध दर्ज करवा चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई,उसके बाद नगर निगम ने मैदान में बने भवन को रिनोवेट कर कार्यालय शुरू कर दिया। इसको लेकर स्थानीय राज्य हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी निसार खान ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर जनहित याचिका दायर की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खण्डपीठ ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश पारित कर राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। दरअसल याचिकाकर्ता ने अपनी और से दायर याचिका में दलील दी थी के राज्य हाउसिंग बोर्ड द्वारा उन्हें यह मैदान पार्क और सार्वजनिक उपयोग के के लिए दिया गया था। लेकिन मैदान पर अतिक्रमण कर महिला एवं बाल विकास विभाग,लोक स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम ने अतिक्रमण कर वहां पर कार्यालय शुरू कर दिया है। साथ ही उक्त मैदान पर अन्य कामों के लिए और अतिक्रमण की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता ने बताया कि मप्र हाउसिंग बोर्ड ने वार्ड 39 के ऐशबाग क्षेत्र में एमआईजी श्रेणी की कॉलोनी विकसित की थी। कालोनी को बाद में नगर निगम को स्थानांतरित कर दिया गया था। हाउसिंग बोर्ड ने एमआइजी श्रेणी के मकानों वाले क्षेत्र में लगभग 12 हजार वर्ग फीट जमीन को सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला छोडा था, खुले मैदान पर रहवासी लंबे समय से पार्क का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं जिसको लेकर उन्होंने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन और आवेदन सौंपा, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई उल्टा मैदान पर अतिक्रमण बढ़ता चला गया।

# आगा क्लब पिपलानी में बास्केटबॉल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा बीएचईएल पिपलानी स्थित आगा क्लब में बास्केटबॉल खेल का एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 1 मई से 31 मई तक चलेगा और प्रत्येक वर्ग के बच्चों के लिए खुला रहेगा।

यह शिविर हर साल स्कूलों की छुट्टियों के दौरान आयोजित किया जाता है और इसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें बास्केटबॉल की बुनियादी और तकनीकी बारीकियों से परिचित कराना है। एक महीने के इस गहन प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा और उन्हें खेल की तकनीकें सिखाई जाएंगी।

शिविर के समापन पर, प्रशिक्षित खिलाड़ियों के बीच एक टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी सीखी हुई कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

यह शिविर बीएचईएल उद्योगनगरी और उसके आसपास रहने वाले सभी आय वर्ग के बच्चों के लिए उपलब्ध है। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोर्ट पर खेलने के लिए आवश्यक खेल सामग्री भी प्रदान की जाएगी।

सफल समापन पर, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग इस पहल के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। इस हेतु खिलाड़ियों को प्रवेश हेतु पिपलानी कार्यालय में संपर्क कर सकते है ।

# योगेंद्र नाथ कौशल ने श्रद्धांजलि दी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी योगेन्द्रनाथ कौशल ने में सी सेक्टर इंद्रपुरी में पहलगाम के शहीदों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया उन्होंने




इस कायरता पूर्ण हमले को देश के मस्तिष्क पर हमला माना तथा पूरे देश को सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट होकर पाकिस्तान की साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आवाहन किया तथा सरकार से मांग की कि पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाई जाए एवं पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया जाए कि वह भविष्य में इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की हिम्मत ना करें आज की श्रद्धांजलि सभा को अशोक शर्मा जी, महेश दुबे जी,नरेश सिंह जादौन जी,पीएन उपाध्याय जी, चन्द्रिका प्रसाद जी ,अजय यादव जी ने संबोधित किया संबोधन उपरांत इंद्रपुरी में कैंडल मार्च निकाला गया एवं शहीदों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया इस श्रद्धांजलि सभा में सतीश कनौजिया जी, सेक्टर अध्यक्ष एचसी निगम जी ,माया कौशल जी, मंजू शर्मा जी, माया गुप्ता जी ,शोभा कौशल जी, सांची कौशल जी, राहुल, वाणी शर्मा जी, अप्पू जैन जी सहित बड़ी संख्या में रहवासी शामिल हुए

# शरबत वितरण किया

भोपाल हेडलाइन विगत तीन वर्षों की भांति इस बार भी अक्षया तृतीया के शुभ अवसर पर कटारा हिल्स,महिला मंडल द्वारा विशाल फल एवं शरबत का वितरण विश्वकर्मा मंदिर,बागसेवनिया से किया गया। इस अवसर पर श्रीमती राशि अग्रवाल,सरला शर्मा,वंदना शेखर,प्रेमलता तिवारी,वंदना सिंह,चंचल गुप्ता,रंजीता नेमा,मंजूला गुप्ता,नीतू तिवारी,राकेश द्विवेदी,मंजूला गुप्ता,लता चौहान,प्रीति सिंह,रानी दुबे,गीता शर्मा,अर्चना श्रीवास्तव,सुनीता गुप्ता,किरण साहू,प्रतिभा सिंह,ज्योत्ना सिंह इत्यादि महिलाओ एवं बच्चो ने भी बढ चढ़ कर भाग लिया।



स्वामी प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक संतोष योगी द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स मकान नंबर 28 कुमार पुरा चर्च रोड जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल
मध्य प्रदेश से प्रकाशित 462008 से मुद्रित एवं मकान नंबर 549 अन्ना नगर हबीबगंज बीएचएल हजूर भोपाल मध्य प्रदेश 462023 से प्रकाशित सभी न्यायालय मामलों के लिए जिला न्यायालय भोपाल रहेगा